नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 286  डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, बुधवार 24 अगस्त 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




पेज -3 पर बस्तर में कृमि से बचाव के लिये बच्चों को दी जाएगी एल्बेंडाजोल की .....



सीएम के जन्म दिन पर दीर्घायु की आहुती के साथ वस्त्र दान' पेज -4 पर

# डामर घोटाले में इन चार अफसरों के खिलाफ होगा एफआईआर, सरकार ने दी मंजूरी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित डामर घोटाले के मामले में पीडब्ल्यूडी के 4 अधिकारियों और कंसल्टेंसी कंपनी के खिलाफ स्नङ्घक्रदर्ज किया जायेगा। इस घोटाले को लेकर दोबारा दायर जनहित याचिका पर शासन की ओर से हाईकोर्ट में बताया गया है कि संबंधितों के खिलाफ जल्द एफआईआर दर्ज की जाएगी, शासन ने इसकी अनुमति दे दी है।



याचिका निराकृत करते हुए कोर्ट ने कहा है कि यदि याचिकाकर्ता शासन की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं होता है तो उसे दोबारा अदालत आने की छूट है।

बता दें कि वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र पांडे ने सन् 2014 में डामर घोटाले के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि राज्य सरकार ने एशियन डेवलपमेंट बैंक से 1200 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था, जिसमें 17 सड़कों के निर्माण में करीब 200 करोड़ रुपये अधिक का घोटाला किया गया है।

इस याचिका में दस्तावेजों के साथ जानकारी दी गई थी कि एक ही बिल लगाकर कई सड़कों के निर्माण के लिए डामर खरीदी और निर्माण कार्य दर्शा दिया गया था। अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत से इसमें भ्रष्टाचार हुआ। सन् 2019 में इस याचिका को शासन के लिखित आश्वासन के बाद निराकृत कर दिया गया था।

## समिति से कराई गई जांच

शासन के निर्देश पर एसीबी ने तीन अधिकारियों की एक समिति बनाई जिसे एक माह के भीतर घोटाले की जांच करके रिपोर्ट देनी थी। पर यह रिपोर्ट बहुत विलंब से तैयार हुई। पीडब्ल्यूडी ने मार्च 2022 में जांच प्रतिवेदन के साथ पत्र लिखकर एसीबी से कहा कि बेमेतरा से मुंगेली तक की बनाई गई 17 सड़कों में तत्कालीन परियोजना अधिकारी एससी त्रिवेदी, आरवाय सिद्दीकी, जे एम लुलु, कार्यपालन अधिकारी एन के जयंत तथा कंसल्टेंसी फर्म रेनारडेट एसए घोटाले के जिम्मेदार पाए गए हैं, इन पर कार्रवाई की जाए।

## एसीबी ने दोबारा की जांच

एसीबी ने इस प्रतिवेदन के आधार पर पुनः जांच की और उक्त अधिकारियों तथा कंसल्टेंट कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए शासन से अनुमति मांगी। यह अनुमति नहीं मिली, तब पांडेय की ओर से हाईकोर्ट में दोबारा याचिका दायर कर कहा गया कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में देर कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को शासन की ओर से बताया गया कि एसीबी को स्नङ्घक्रदर्ज करने की अनुमति दे दी गई है। एफआईआर शीघ्र दर्ज की जाएगी।

# कार और ट्रक में टक्कर, 2 दोस्तों की मौत

नाश्ता करने निकले थे 3 छात्र, तभी हुआ हादसा; एक की हालत गंभीर

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया है। यहां कार और ट्रक में जबरदस्त टक्कर हो गई है। जिसमें 2 छात्रों की मौत हो गई है। वहीं एक छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है। तीनों दोस्त कार में बैठकर कहीं नाश्ता करने जा रहे थे, तभी ये हादसा हो गया है। हादसा स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, सुबह के वक्त कैलाश नगर निवासी सौरभ यादव अपने दो दोस्त समीर कुजूर और एम .कामेश के साथ नाश्ता करने के लिए बाईपास रोड स्थित किसी होटल में जा रहे थे। ये अभी बाईपास के पास पहुंचे थे, उसी वक्त दूसरी तरफ से तेज रफ्तार ट्रक आ गया। इसके बाद दोनों गाड़ियों में टक्कर हो गई।



हादसे के बाद कार सवार तीनों छात्र कार में ही फंस गए थे। वहीं ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। आस-पास के लोगों ने जैसे ही इस घटना को देखा वे मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी इसकी खबर दी गई थी। खबर मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और तीनों को कार से निकालने का प्रयास किया गया। बताया गया कि हादसा इतना जबरदस्त था कि तीनों काफी देर तक अंदर फंसे रहे।

## एक नजर

### जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर ।** राजधानी पुलिस ने जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस के टीम ने अकोली रोड के पास जुआ खेलते आरोपी खिलेश जलक्षत्री सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 1350 रुपए जब्त किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने कंकालीपारा चौक में जुआ खेलते आरोपी संतोष दुबे 47 वर्ष सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सभी के पास से तासपत्ती सहित नकदी 13400 रुपए जब्त किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखते आरोपी दीपक वर्मा 29 वर्ष व रामसिंह सिन्हा 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 900 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### एटीएम के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर ।** स्टेशन रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रमोद कुमार 53 वर्ष शुक्रवारी बाजार गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक ओआर 17 बी 9650 को स्टेशन रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक एटीएम के पास खड़ी किया था।

# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृहमंत्री सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की दी बधाई

प्रदेश भर से लोगों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर दी बधाई





**रायपुर।** बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी मुख्यमंत्री को बधाई देने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के जन्मदिवस पर आज राष्ट्रपति सुश्री द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति श्री जगदीश धनखड़, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला, केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके, कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्रियों, राष्ट्रीय नेताओं और राष्ट्रीय मीडिया के प्रतिनिधियों ने विभिन्न माध्यमों से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रपति सुश्री मुर्मू, प्रधानमंत्री श्री मोदी, लोकसभा अध्यक्ष श्री बिड़ला और राज्यपाल सुश्री उइके ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री श्री बघेल को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की है।



# बेरोजगारी को लेकर भाजयुमो का हल्लाबोल आज

**रायपुर।** बेरोजगारी को लेकर भाजयुमो द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ 24 अगस्त को होने वाले हल्ला बोल की तैयारी भाजपा में जोर-शोर से चल रही है। दो-तीन दिन से भाजपा नेताओं द्वारा लगातार बैठकें ली जा रही है। प्रदर्शन में प्रदेशभर से एक लाख भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है । रायपुर से ही 25 हजार कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाने के लिए चारों विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लक्ष्य दिया गया है। सबसे अधिक दक्षिण विधानसभा से 10 हजार कार्यकर्ताओं को जुटाने की कोशिश है। वहीं प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रदेशभर से भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ता आज यानी मंगलवार तक राजधानी पहुंच जाएंगे। इन सभी के ठहरने और खाने की व्यवस्था के लिए भाजपा ने 30 के करीब होटल, लॉज और धर्मशालाएं बुक कर रखी है।



### हल्ला बोल प्रचार रथ रवाना

प्रदर्शन के लिए भाजपा ने राजधानी रायपुर के विधान सभा क्षेत्र में प्रचार के लिए हल्ला-बोल प्रचार रथ रवाना किया। आठ प्रचार रथ को सोमवार को प्रदेश सहप्रभारी नितिन नवीन और भाजपा नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना। जिला स्तर पर भाजयुमो द्वारा हल्ला बोल प्रचार रथ भी चलाया जा रहा है।

### नवीन ने कांग्रेस पर साधा निशाना

प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने बेरोजगारों के साथ अन्याय किया है। घोषणा पत्र में किए गए वादे आज तक पूरा नहीं किया। न तो रोजगार उपलब्ध कराया और न ही बेरोजगारी भत्ता 2500 रुपए दिया। कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदेशभर के युवाओं में आक्रोश है। 2023 में प्रदेश के युवा ही कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेकेंगे।

भारी मात्रा में नशीले पदार्थों को जलाया

# बिलासपुर रेंज के जिलों में किया गया था जब्त, कोरबा के बालको विद्युत संयंत्र में किया गया नष्ट

**कोरबा/बिलासपुर।** बिलासपुर रेंज के विभिन्न थाना-चौकियों में जब्त 4 टन से अधिक गांजे को बालको (कोरबा) के विद्युत संयंत्र में नष्ट कर दिया गया। इसे कोयले के साथ मिलाकर विद्युत उत्पादन में उपयोग लिया गया और लगभग 5 मेगावाट बिजली इस मिश्रण से उत्पादित की गई। इसके अलावा दूसरे नशीले पदार्थों को भी यहां जलाकर नष्ट कर दिया गया। मादक पदार्थों को नष्ट करने के लिए बिलासपुर रेंज स्तर पर 4 सदस्यीय हाई पावर ड्रग डिस्पोजल कमेटी का



गठन किया गया है। कमेटी ने बिलासपुर रेंज के कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ और मुंगेली जिलों के नष्टीकरण योग्य कुल 190 केस में जब्त 4.111 टन गांजा, 131 पौधे, 14,554 टैबलेट, 3,600 बोतल कफ सिरप, 2 ग्राम ब्राउन शुगर और 347 नशीले इंजेक्शन को जलाकर खत्म किया।

# छत्तीसगढ़ के एक स्कूल में 77 लाख का घोटाला

एक टीचर को 11 महीने में 22 बार एरियर; जमा किए अलग-अलग तारीख के बिल

**बिलासपुर।** अभी तक आपने सरकारी कार्यालयों में लाखों रुपए की हेराफेरी के बारे में पढ़ा और सुना होगा, लेकिन छत्तीसगढ़ के एक स्कूल में 77 लाख रुपए का घोटाला सामने आया है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी स्कूल में इतनी बड़ी रकम की हेराफेरी की गई है और शासन को चूना लगाया है। यह मामला है एशिया के सबसे बड़े ब्लॉक बिल्हा के गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बेलतरा का।

यहां पदस्थ प्राचार्य और क्लर्क ने ट्रेजरी के अधिकारियों व




कर्मचारियों से मिलीभगत कर एक लेक्चरर को बतौर एरियर्स 77 लाख रुपए का बिल बनाकर भुगतान भी कर दिया। इस गड़बड़ी का खुलासा विभागीय ऑडिट और प्राचार्य की शिकायत से हुआ, तब अफसरों की नींद उड़ गई। विभाग ने क्लर्क को सस्पेंड करने के साथ ही लेक्चरर को रिकवरी के लिए नोटिस जारी किया और तीन सदस्यीय जांच कमेटी से जांच कराई। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर अब प्राचार्य, लेक्चरर और क्लर्क को नोटिस जारी कर उनके खिलाफ FIR दर्ज कराने की तैयारी है। दरअसल, पूरा मामले बेलतरा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में साल 2018 से 2019 के बीच महज 11 माह 20 दिन के भीतर का है। तब वहां प्राचार्य नरेंद्र राठौर अवकाश पर थे। उन्होंने लेक्चरर पीएल मरावी को प्राचार्य का प्रभार दिया गया था। साथ ही पीएल मरावी को ट्रांजेक्शन का अधिकार भी दिया।

**राजनीति..** छत्तीसगढ़ बीजेपी का खुला चैलेंज

# नितिन नबीन अफसरों से बोले-मेरे युवाओं पर दबंगई दिखाई तो भारी नुकसान चुकाना पड़ेगा

रायपुर। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के तेवर तेज होते जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने अफसरों को चैलेंज कर दिया है।

उन्होंने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के प्रशासन को अफसरों को चुनौती देता हूं, कृपया करके मेरे युवाओं को किसी भी प्रकार से परेशान करने का प्रयास करेंगे तो निश्चित रूप से ये आंदोलन दूसरा रूप ले लेगा। हमारे आंदोलन को लोकतांत्रिक तरीके से चलने दें। अगर प्रशासन के लोग दबंगई करेंगे तो भारी नुकसान चुकाना पड़ेगा। दरअसल ये बातें उन्होंने 24 अगस्त को रायपुर में होने जा रहे भाजपा के हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर कहीं हैं। सोमवार देर शाम भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक बैठक के बाद प्रदेश के अफसरों पर नितिन नबीन ने तीखे प्रहार किए। कहा कि भाजपा युवा मोर्चा ने जो



प्रदेश में आंदोलन किए, वो अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। हमारे आंदोलन को लोकतांत्रिक तरीके से करने में प्रशासन सहयोग करे। रायपुर का जिला प्रशासन कार्यक्रम की अनुमति को लेकर ना-नुकुर कर चुका है। पिछले दो दिनों में कई घंटों की बैठकें भाजपा के नेता और प्रशासन के अधिकारी कर चुके हैं। पहले कार्यक्रम की अनुमति को लेकर असमंजस के हालात बने। फिर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भूरे ने अफसरों से कह दिया कि अनुमति के बाद ऐन मौके पर किसी ने कार्यक्रम में कोई बदलाव किया तो सख्त कार्रवाई करेंगे। इस वजह आंदोलन के पहले से ही भाजपा और जिला प्रशासन के बीच खींच-तान है। मीडिया से बात करते हुए नितिन नबीन ने कहा-24 अगस्त की तारीख कांग्रेस याद रखेगी। इस दिन के बाद से कांग्रेस की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। 24 को कार्यक्रम होने के अगले दिन से कांग्रेस का काउंट-डाउन शुरू हो जाएगा।

रायपुर में महिला का मर्डर

# कमरे में सोने गई महिला की सुबह निकली लाश, तकिए से मुंह दबाकर हत्या की आशंका

रायपुर। रायपुर के खमतराई इलाके में एक महिला की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में अनजान लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

महिला की हत्या किसने की यह पता नहीं चल सका है, परिजनों पर पुलिस को शक है सभी से पूछताछ की जा रही है।

मामले में अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक महिला की



मौत सोमवार को हो चुकी थी। सुबह घर वालों को कमरे से महिला की लाश मिली।

पहले तो मौत हार्ट अटैक जैसे कारणों से होने जैसा मामला लगा, मगर अब पुलिस की जांच में नया मोड़ आया है । शार्ट पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि महिला पर अटैक हुआ और सांस रुक जाने की वजह से उसकी मौत हुई है। 31 साल की सरस्वती राठौर जांजगीर की रहने वाली थी। वह शिव विहार सेक्टर 3 शिवानंद नगर में अपने भतीजे रंजीत राठौर और पति राजू राठौर के साथ रहती थी। महिला का पति राजू फैक्ट्री में काम किया करता था । 21 अगस्त की रात नाइट ड्यूटी होने की वजह से फैक्ट्री चला गया । जानकारी के मुताबिक सरस्वती और उसका भतीजा रंजीत घर पर थे। दोनों ने रात में खाना खाया इसके बाद अपने अपने कमरे में सोने चले गए । महिला के भतीजे रणजीत ने पुलिस को बताया है कि चाची ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद नहीं किया था।

